# <u>नार्म हैदराबाद द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ</u>

**जोधपुर (29 जून, 2019)**: कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम “कृषि विश्वविद्यालय के अशैक्षणिक कर्मचारीयों हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रशिक्षण” का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान – राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी, हैदराबाद एवम् कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। यह प्रशिक्षण 29 जून से 5 जुलाई, 2019 तक चलेगा। पाठ्यक्रम निदेशक एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जोधपुर प्रो. उम्मेद सिंह ने उद्घाटन समारोह में जानकारी दी की विश्वविद्यालय के कर्मचारीयों की वित्तीय, प्रशासनिक एवं प्रबंधन क्षमता बढाने हेतु भारतवर्ष के विषय विशेषज्ञ वित्तीय प्रबंधन, प्रशासनिक दक्षता, सतर्कता, निविदा, जेम, जी एस टी, सूचना का अधिकार, बोद्धिक सम्पदा, वित्तीय एवं लेखा नियम, राजस्थान सेवा नियम, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. ईश्वर सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा ने बताया कि आज के डिजिटल युग में सभी कर्मचारीयों एवं अधिकारियों के लिए ई–ऑफिस व राजकार्य में पारदर्शिता लाने हेतु वित्तीय व प्रशासनिक कार्यों के डिजिटलाईजेशन की आवश्यकता हैं। नार्म हैदराबाद के मुख्य प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी श्री एस जॉर्ज ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कि आवश्यकता देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों व प्रशासनिक कार्यालयों के लिए आवश्यक हैं। कृषि विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक श्री एम आर विश्नोई ने वित्तीय प्रबंधन प्रणाली की उत्कृष्टता पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रो. बी एस राजपुरोहित निदेशक पी एम ई ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत कराया जा रहा हैं। जिससे विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की कार्यदक्षता की गुणवत्ता में सुधार होगा।




College of Agriculture
(Agriculture University, Jodhpur)
Jodhpur, Rajasthan 342 304
Training Programme
on


(Agriculture University, Jodhpur)
Jodhpur, Rajasthan-342304
Training Programme
on
Financial and Administrative Training
naarm